IIM Amritsar Media Coverage, Newspaper: दैनिक जागरण (Dainik Jagaran), DATE: 07/04/2024

पंजाब/राष्ट्रीय जागरण
www.jagran.com
दैनिक जागरण
अमृतसर, 7 अप्रैल, 2024

जीवन में चरित्रवान बनें और ईमानदारी से काम करें: राज्यपाल

आइआइएम अमृतसर के दीक्षा समारोह में 320 विद्यार्थियों को दी गई डिग्री, 18 को डायरेक्टर मेरिट सर्टिफिकेट

जागरण संवाददाता, अमृतसर : इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (आइआइएम) अमृतसर के आठवें दीक्षा समारोह में शनिवार को 320 विद्यार्थियों को स्नातक की डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित पहुंचे, जबकि अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन व दैनिक जागरण के प्रधान संपादक संजय गुप्त ने की। संस्थान के डायरेक्टर डा. नागराजन रामामूर्ति विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने कहा कि अब आपकी जिंदगी का नया चैप्टर शुरू होने जा रहा है। हर विद्यार्थी की एक अलग यात्रा होगी, लेकिन याद रहे कि परिवार, दोस्त, रिश्तेदार, गुरु के सहयोग के बिना जीवन में कुछ संभव नहीं है, इसलिए आवश्यक है कि जीवन में चरित्रवान बनें, विनम्र रहें। हर काम को जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ करें और उसे वक्त पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि अपने व्यवहार में विनम्रता लाकर जीवन के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है, इसलिए अपने जीवन के संतुलन को पहचानना बहुत आवश्क है।

समारोह में 18 विद्यार्थियों को डायरेक्टर मेरिट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। डिग्रियां प्राप्त करने वाले 320 विद्यार्थियों में एमबीए 2022-24 बैच के 236 विद्यार्थी, एमबीए 2021-23 बैच के दो विद्यार्थी, एमबीए-बीए 2022-24 बैच के 28 विद्यार्थी, एमबीए-एचआर 2022-24 के 12 विद्यार्थी, ईएमबीए 2022-24 के 50 विद्यार्थी शामिल रहे। समारोह में बैंक आफ बड़ौदा के चीफ मैनेजर जितिन लिंझारा ने छात्रा कुमारी एंद्रीला दास व हर्षदीप सिंह संधावालिया को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बैंक आफ बड़ौदा अचीवर्स पुरस्कार प्रदान किया। अमृतसर चैप्टर आफ इंस्टीट्यूट आफ कंपनीज सेक्रेट्रीज आफ इंडिया की चेयरपर्सन सीएस रुबीना महाजन ने एमबीए-08 बैच के शीर्ष तीन छात्रों को तीन स्वर्ण पदक प्रदान किए। हर्षदीप सिंह संधावालिया ने पहला आइसीएसआइ सिग्नेचर अवार्ड, जिलेश तन्ना ने दूसरा व युवराज बाहेती ने तीसरा अवार्ड प्राप्त किया। यूनियन बैंक आफ इंडिया की रीजनल हेड मोनिका राणा ने यूनियन बैंक आफ इंडिया एकेडमिक एक्सीलेंस का पुरस्कार उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के लिए प्रत्येक एमबीए प्रोग्राम से सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को प्रदान किया। यूबीआइ एक्सीलेंस अवार्ड फार आउटस्टैंडिंग एकेडमिक इन एमबीए प्रोग्राम जिलेश तन्ना को प्रदान किया गया। एमबीए-बीए में वाघ शांतनु पांडुरंग को और एमबीए-एचआर में आदित्य कपूर को अवार्ड दिया गया। वहीं, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड स्पेशल मेरिट स्कालरशिप फार द बेस्ट आल राउंड परफार्मेंस का पुरस्कार हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के डायरेक्टर केएस शेट्टी की ओर से हर्षदीप सिंघ संधावालिया, मेहुल श्रीवास्तव और केशव अग्रवाल को प्रदान किया।

इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट अमृतसर के आठवें दीक्षा समारोह में शनिवार को छात्र हर्षदीप सिंह को स्वर्ण पदक व डिग्री से सम्मानित करते हुए राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित। साथ हैं संस्थान के चेयरमैन एवं दैनिक जागरण के प्रधान संपादक संजय गुप्त व संस्थान के डायरेक्टर नागराजन रामामूर्ति तथा (दाएं) पदक व डिग्रियां दिखाते हुए विद्यार्थी • राघव शिकारपुरिया

अपनी बात को बेबाकी से रखने व संवाद करने की कला अच्छा लीडर पैदा करती है: गुप्त

दीक्षा समारोह में संस्थान के चेयरमैन संजय गुप्त ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए कहा कि जीवन में हमेशा जिज्ञासा बनी रहनी चाहिए। जीवन का असली संघर्ष अब शुरू होगा। अब जीवन में कई तरह की चुनौतियां सामने आएंगी, इसलिए आवश्यक है कि छात्र समय के साथ खुद को अपडेट रखें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपका ज्ञान ही आपको जीत दिलाता है, इसलिए जीवन में अधिकाधिक प्रश्न करने की आदत डालें, क्योंकि अपनी बात को बेबाकी से रखने और संवाद करने की कला ही एक अच्छा लीडर पैदा करती है। योग्य प्रश्न पूछें, इससे भीड़ के बीच भी अपनी बात अच्छे से रख पाएंगे। इसके अलावा अपने काम के प्रति जुनून होना भी जरूरी है।

भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर
पुस्तकालय
LIBRARY
Indian Institute of Management Amritsar